हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 23 फरवरी 2026

06 एसडीएम की अध्यक्षता में डीजे संचालकों एवं मैरिज...


07 मानव सेवा ही सच्ची सेवा है, सेवा के पथ पर चलते हुए हम पीड़ित...





## समाचार संक्षेप

### बजरंगगढ़ में स्वच्छता अभियान, धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की हुई सफाई



**गुना।** पुलिस द्वारा "एक भारत श्रेष्ठ भारत" अभियान के तहत बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित गतिविधियों का हिस्सा है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार एवं पुलिस स्टाफ ने बीस भुजा माता मंदिर, हनुमान मंदिर तथा किला परिसर में व्यापक साफ-सफाई की। मंदिर परिसर, आसपास के क्षेत्र एवं श्रद्धालुओं के लिए बने पानी के प्याऊ को साफ कर स्वच्छ पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की गई।इस दौरान श्रद्धालुओं को ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया और विरासत संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। स्थानीय पुजारियों एवं नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया।

### आरोन में खूनी संघर्ष, भतीजे को बुरी सोहबत से रोकने पर चाचा पर तलवार से जानलेवा हमला, तीन घायल



**गुना।** जिले के आरोन थानांतर्गत मोहल्ले की बुरी संगत से अपने भतीजे को बचाने की कोशिश एक युवक के लिए भारी पड़ गई। गत सुबह आरोन के मेहमूदगंज इलाके में मामूली विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब एक पक्ष ने तलवार निकालकर हमला कर दिया। इस हमले में मुख्य फरियादी समेत उसके भाई और भतीजे को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।विवाद की जड़, बुरी संगत का विरोधघटना गत सुबह करीब 9 बजे की है। फरियादी उमर मियां (35) ने पुलिस को बताया कि उसका भतीजा आहद, मोहल्ले के ही अयान और अल्फियान नाम के युवकों के साथ घर लौट रहा था। उमर मियां ने अपने भतीजे को टोकते हुए उन युवकों के साथ न रहने की सलाह दी। यह बात अयान और अल्फियान को इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने सरेराह उमर मियां को गालियां देना शुरू कर दिया।हंगामा बढ़ते देख अयान का पिता कलीम मियां हाथ में नंगी तलवार लेकर वहां पहुँच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कलीम ने सीधे उमर मियां पर तलवार से वार किया, जिससे उनके बाएं हाथ की कलाई से कोहनी तक गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। जब उमर ने बचाव की कोशिश की, तो तलवार का दूसरा वार उनके दाहिने कंधे पर लगा।

### गुना-बीना मेमो ट्रेन में महिला यात्री का पर्स पार, सोने के आभूषणों सहित 43 हजार की चोरी

**गुना।** रेलवे में यात्रा के दौरान सुरक्षा दावों के बीच शातिर बदमाशों ने एक महिला यात्री को अपना निशाना बनाया है। जीआरपी थाना गुना के अंतर्गत गुना-बीना मेमो ट्रेन में सफर कर रही एक महिला के कंधे पर टंगे पर्स से अज्ञात बदमाश सोने के कीमती आभूषण चोरी कर फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, साढौरा निवासी सीता साहू पति जितेंद्र साहू गत दिवस रुठियाई-बीना मेमो ट्रेन के जनरल कोच में गुना से साढौरा की यात्रा कर रही थीं। महिला ने अपने आसमानी रंग के लेडीज पर्स में एक छोटा बटुआ रखा था, जिसमें करीब 18 ग्राम का सोने का हार, 2 ग्राम का पैंडल और 4 ग्राम की सोने की बेंदी रखी हुई थी। ट्रेन चलने के महज 15 मिनट बाद ही महिला ने देखा कि उसके कंधे पर टंगे पर्स की चैन खुली हुई है और अंदर से गहनों वाला बटुआ गायब है। चोरी गए आभूषणों की कुल कीमत लगभग 43,200 रुपये बताई जा रही है। पीड़िता ने अगले दिन अपने पति के साथ जीआरपी थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात बदमाश के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एससी-एसटी अधिनियम, राहत प्रावधानों व जाति प्रमाणपत्र संबंधी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान

### विशेष पुलिस थाना अजाक द्वारा निहालदेवी मंदिर सिरसी में जनचेतना शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अंकित सोनी पुलिस अधीक्षक गुना के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में जिले में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के अधिकारों के संरक्षण और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 22 फरवरी 2026 को सिरसी थाना क्षेत्र अंतर्गत निहालदेवी मंदिर परिसर में जनचेतना शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा प्रभारी डीएसपी अजाक विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। विशेष पुलिस थाना अजाक के प्रभारी निरीक्षक ओपी आर्य ने अपने स्टाफ के साथ शिविर में भाग लिया।

#### अधिनियम और योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी

शिविर के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही अधिनियम के अंतर्गत पीड़ितों को मिलने वाली राहत राशि, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जाति प्रमाणपत्र प्राप्त करने की निर्धारित प्रक्रिया के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।ग्रामीणों को बताया गया कि किसी भी प्रकार के अत्याचार, भेदभाव या शोषण की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देना आवश्यक है, ताकि समयबद्ध और प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



साथ ही शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

#### समस्याएं सुनीं समाधान का आश्वासन

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान हेतु आवश्यक परामर्श दिया।पुलिस विभाग का उद्देश्य ऐसे जनजागरूकता शिविरों के माध्यम से समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को सशक्त बनाना, उनके बीच विश्वास का वातावरण स्थापित करना तथा उन्हें उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने गुना पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की।

### शर्तों के साथ मांगी डीजे बजाने की अनुमति

## अपनी बात रखने छुट्टी के दिन कलेक्ट्रेट पहुंचे डीजे संचालक



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में ध्वनि प्रदूषण और बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा डीजे संचालन पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध के आदेश के बाद अब मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। प्रशासनिक सख्ती के बीच जहां शनिवार को अधिकांश बारातें बिना डीजे के निकलीं, वहीं रविवार को जिले भर के डीजे संचालक विरोध दर्ज कराने कलेक्ट्रेट पहुंच गए और अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखीं।

#### परीक्षाओं और शिकायतों के चलते लगा प्रतिबंध

जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ समय से तेज आवाज में डीजे बजाने, रात देर तक शोर-शराबा होने और सड़कों पर जाम जैसी शिकायतें लगातार प्रशासन को मिल रही थीं। इसी के साथ बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने की शिकायतें भी सामने आईं। इन परिस्थितियों को देखते हुए शुक्रवार देर शाम आदेश जारी कर जिले में डीजे संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया।आदेश के बाद प्रशासनिक अमले ने निगरानी बढ़ाई, जिसका असर शनिवार को साफ दिखाई दिया और शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश बारातें बिना डीजे के ही निकाली गईं।

#### कलेक्ट्रेट पहुंचे डीजे संचालक

प्रतिबंध के विरोध में रविवार को बड़ी संख्या में डीजे संचालक कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अचानक लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध से उनका रोजगार संकट में आ गया है। संचालकों ने बताया कि जिले में करीब 1500 लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस व्यवसाय से जुड़े हैं, जिनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है।

#### बुकिंग वालों से मिल रही धमकियां

डीजे संचालकों का कहना है कि पहले से ली गई शादियों और कार्यक्रमों की बुकिंग अब उनके लिए बड़ी परेशानी बन गई है। कई ग्राहक एडवांस राशि और बिल का हवाला देकर फोन पर धमकियां दे रहे हैं तथा कोर्ट-कचहरी में जाने की बात कह रहे हैं।उन्होंने बताया कि कई लोगों ने बैंक से लोन लेकर डीजे का व्यवसाय शुरू किया है। प्रतिबंध जारी रहने पर किस्त जमा करना, बच्चों की स्कूल फीस भरना और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो जाएगा।

#### गाइडलाइन के साथ अनुमति की मांग

डीजे संचालकों ने प्रशासन से मांग की कि पूर्ण प्रतिबंध के बजाय स्पष्ट गाइडलाइन जारी की जाए। उनका कहना है कि जुलूस और शोभायात्राओं में डीजे पर रोक स्वीकार है, लेकिन शादी-बारात और निजी कार्यक्रमों में सीमित शर्तों के साथ अनुमति दी जानी चाहिए।

संचालकों ने भरोसा दिलाया कि वे निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करेंगे, देर रात तेज आवाज में डीजे नहीं बजाएंगे और सड़कों पर जाम जैसी स्थिति भी नहीं बनने देंगे।

#### प्रशासन का पक्ष

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, आदेश का मुख्य उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और परीक्षार्थियों को शांत वातावरण उपलब्ध कराना है। अधिकारियों का कहना है कि जनहित सर्वोपरि है, हालांकि डीजे संचालकों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना जा रहा है और नियमों के तहत समाधान पर विचार किया जा सकता है।

#### संतुलन की तलाश

एक ओर जहां आम नागरिकों और विद्यार्थियों को शोर से राहत मिलने की बात कही जा रही है, वहीं दूसरी ओर हजारों लोगों की रोजी-रोटी का सवाल भी सामने है। अब नजर इस बात पर टिकी है कि प्रशासन सख्ती और रोजगार—दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए क्या नया रास्ता निकालता

## नपा उपाध्यक्ष सहित झूठे आरोप लगाने वाले पार्षदों पर मानहानि का दावा करूंगी: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




गुना नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने उनके विरुद्ध लगाए जा रहे आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह सब उनकी और उनके परिवार की छवि को धूमिल करने की साजिश है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि झूठ और मिथ्या आरोपों के सहारे राजनीतिक रोटियां सेंकने वालों को अब कानूनी परिणाम भुगतने होंगे।अध्यक्ष ने कहा कि नगरपालिका उपाध्यक्ष सहित कुछ भाजपा पार्षदों द्वारा उन पर निजी और बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं, जो पूरी तरह असत्य हैं। "ये आरोप केवल मेरी राजनीतिक छवि खराब करने के लिए नहीं, बल्कि मेरे परिवार को बदनाम करने के उद्देश्य से लगाए गए हैं। इससे मेरी व्यक्तिगत मानहानि हुई है और समाज में मेरे परिवार की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है।

उन्होंने दो टूक कहा कि उनका परिवार एक सम्मानित और प्रतिष्ठित परिवार है, जिसे बदनाम करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। अब बहुत हो चुका। मैं विधिक सलाह लेकर ऐसे सभी लोगों के खिलाफ मानहानि का दावा दायर करूंगी और कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करूंगी, उन्होंने चेतावनी दी।अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि जिन पार्षदों ने उन पर आरोप लगाए हैं, उनमें से कई को पहले भी भाजपा जिला संगठन द्वारा अनुशासनहीनता के चलते नोटिस दिए जा चुके हैं। नगरपालिका उपाध्यक्ष को भी कथित रूप से लगातार अनुशासनहीनता के कारण तीन बार नोटिस मिल चुका है। इसके बावजूद, वे लगातार उनकी छवि खराब करने के प्रयासों में लगे हैं।उन्होंने कहा कि पूर्व में भी उनकी प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने के प्रयास हुए थे, जिस पर उन्होंने न्यायालय में मानहानि का वाद दायर किया था, जिसे पार्टी नेतृत्व के आग्रह पर वापस लिया गया। लेकिन संयम को कमजोरी समझना गलत है। इसके बाद भी फर्जी नामांतरण से जुड़े वीडियो बनाकर प्रसारित किए गए, जिसकी लिखित शिकायत मैंने गुना नगर थाने में की है।

अंत में अध्यक्ष ने कड़े शब्दों में कहा कि अब जो भी व्यक्ति उनके, उनके परिवार या पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ बिना किसी समझौते के कानूनी कार्रवाई की जाएगी। झूठ की राजनीति करने वालों को अब कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा, उन्होंने स्पष्ट किया।

### गाडगे महाराज जयंती पर सम्मान व प्रतिभा प्रोत्साहन आज, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंदसिंह लोढा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



स्वच्छता के जनक संत संत गाडगे महाराज की जयंती के अवसर पर सोमवार, 23 फरवरी 2026 को शहर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन श्री कैलादेवी मंदिर, रशीद कॉलोनी में शाम 4 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम के तहत समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा तथा प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित कर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने समाज के सभी बंधुओं, माताओं एवं बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंदसिंह लोढा, अध्यक्ष प्रेस क्लब गुना उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन श्री कैलादेवी मंदिर रजक समाज समिति, रशीद कॉलोनी द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सामाजिक एकता, स्वच्छता संदेश और प्रतिभाओं के सम्मान पर विशेष जोर दिया जाएगा। गुना शहर के नागरिकों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

### गुना पुलिस की तत्पर कार्रवाई

## नाबालिग बालिका को कोटा से सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा नाबालिगों से संबंधित मामलों में त्वरित एवं गंभीर कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में धरनावदा थाना क्षेत्र से लापता हुई 17 वर्षीय किशोरी को राजस्थान के कोटा जिले से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डुडवे के पर्यवेक्षण में की गई। धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे एवं उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए किशोरी को सुरक्षित बरामद किया।

#### 10 फरवरी से लापता थी किशोरी

जानकारी के अनुसार, 10 फरवरी 2026 की रात धरनावदा थाना क्षेत्र से किशोरी लापता हो गई थी। 11 फरवरी 2026 को उसके पिता ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर धरनावदा थाने में अपराध क्रमांक 34/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तत्काल खोजबीन शुरू की गई।

#### तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र से मिली सफलता

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और तकनीकी संसाधनों की मदद से संभावित स्थानों पर सघन तलाश की। जांच के दौरान किशोरी के राजस्थान के कोटा जिले के सुल्तानपुर क्षेत्र में होने की जानकारी मिली।इस सूचना पर 21 फरवरी 2026 को धरनावदा थाने से पुलिस टीम कोटा पहुंची और किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब कर गुना लेकर आई। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति की अध्यक्ष डा. नीरू शर्मा एवं सदस्यों द्वारा आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर बालिका को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

#### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे, उपनिरीक्षक अंजना चंदेल, सहायक उपनिरीक्षक विपिन तिर्की, प्रधान आरक्षक देवेंद्र सिकरवार, आरक्षक सोनू जाटव एवं आरक्षक विनीत लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।गुना पुलिस की इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### श्रद्धालुओं का धैर्य टूटा, 24 फरवरी को कलेक्ट्रेट का घेराव कर दी जाएगी अंतिम चेतावनी

## केदारनाथ धाम के दर्शनों पर 3 साल से 'प्रशासनिक ताला'

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले के प्रसिद्ध और प्राचीन केदारनाथ शिवधाम (महोदरा) में विगत तीन वर्षों से दर्शन-पूजन बंद होने के कारण श्रद्धालुओं का धैर्य अब जवाब दे गया है। महाभारत कालीन इस पवित्र गुफा मंदिर को खुलवाने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने निर्णायक लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। रविवार को मंदिर परिसर में आयोजित 40 गांवों की महापंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 24 फरवरी को हजारों की संख्या में श्रद्धालु पुरानी तहसील परिसर में एकत्रित होंगे और कलेक्टर को अंतिम चेतावनी पत्र सौंपेंगे। महोदरा ग्राम पंचायत स्थित केदारनाथ धाम न केवल धार्मिक पर्यटन का केंद्र है, बल्कि लाखों लोगों की अगाध श्रद्धा का प्रतीक है। बैठक में वक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन ने पिछले तीन वर्षों से मंदिर के पट बंद कर रखे हैं, जिससे भगवान भोलेनाथ के भक्त अपने आराध्य के दर्शनों से वंचित हैं। यह न केवल पूजा के अधिकार का हनन है, बल्कि उन हजारों लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ भी है जो यहाँ पवित्र कुंड में अपने पूर्वजों का अस्थि विसर्जन करने और धार्मिक अनुष्ठान करने आते हैं।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने दो-टूक शब्दों में कहा कि 24 फरवरी को सौंपा जाने वाला ज्ञापन शासन-प्रशासन के लिए अंतिम चेतावनी होगी। यदि इसके बाद भी मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए नहीं खोले गए, तो क्षेत्र की जनता उग्र प्रदर्शन और चक्का जाम जैसे कदम उठाने को मजबूर होगी।

आयोजकों ने जिले के समस्त शिव भक्तों से अपील की है कि वे मंगलवार को शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी ढंग से अपनी शक्ति का प्रदर्शन करें ताकि सोए हुए प्रशासन को जगाया जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सदस्य संतोष किरार, बजरंगगढ़ मंडल अध्यक्ष मुनेश धाकड़, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री प्रिया चरण धाकड़ और सरपंच मनीष बारेला (महोदरा) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## विशाल निःशुल्क नेत्र व दंत चिकित्सा शिविर में 215 मरीजों की जांच, 48 को होगा ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में आदर्श रामलीला समिति चांचौड़ा द्वारा रविवार, 22 फरवरी 2026 को सदर बाजार स्थित रामलीला मंच पर विशाल निःशुल्क नेत्र, दंत एवं महिला रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हुआ।आयोजकों के अनुसार शिविर में कुल 385 मरीजों का पंजीयन किया गया। नेत्र विभाग में 215 मरीजों की जाँच की गई, जिनमें से 48 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। शिविर में फेको सर्जरी (फोल्डेबल लेंस) की सुविधा उपलब्ध रही तथा 78 चश्मों का निःशुल्क वितरण किया गया। दंत रोग विभाग में 75 मरीजों का उपचार किया गया, जबकि महिला रोग विशेषज्ञ द्वारा 72 महिलाओं की जाँच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त रक्तचाप व शुगर की जाँच की गई तथा 150 से अधिक मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। शिविर में सभी मरीजों के लिए नाश्ता एवं भोजन की समुचित व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई।शिविर में सेवाएँ देने वाले चिकित्सकों में डॉ. हिमांशु शर्मा (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. सोनू शर्मा (नेत्र चिकित्सक) एवं डॉ. ज्योति मीना (स्त्री रोग विशेषज्ञ) शामिल रहीं। सद्गुरु सेवा संघ से पधारी टीम में टीम इंचार्ज जीतू पाठक, दवाइयों के वितरण का दायित्व संभाल रहे डाल सिंह जादौन, चश्मा जाँच में पारस रोहले तथा रणछोड़ दास जी आश्रम से विजय सिंह रघुवंशी (बीनागंज) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर चिकित्सकों एवं सहयोगी टीमों का साफा एवं माला पहनाकर पारंपरिक सम्मान किया गया। शिविर के दौरान एसडीएम महोदय ने कैंप स्थल पर पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। समिति द्वारा एसडीएम रवि मालवीय का एवं समस्त पत्रकारों का पुष्पमाला व साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। एसडीएम महोदय ने मरीजों से संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा सुव्यवस्थित एवं सराहनीय आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।इस सफल आयोजन में श्री आदर्श रामलीला मंडल चांचौड़ा के पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह गौर (रिंकू रामजी), उपाध्यक्ष मनोज शोपरा, कोषाध्यक्ष डॉ. हिमांशु शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा (एडवोकेट), पंकज चौरसिया, हरीश साहू, सचिव रंजीत सिंह गौर (एडवोकेट), अश्वनी शर्मा,शिवम चौकसे एवं शिवा सिंह गौर ने शिविर की व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग प्रदान किया।आयोजकों ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।





### दिनभर रहता है असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

# कर्नलगंज चौकी के पास खड़ी मारुति वैन से बैटरी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर के कर्नलगंज क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी है। हेड पोस्ट ऑफिस के समीप और पुलिस चौकी के ठीक पास खड़ी एक मारुति वैन का लॉक तोडक़र अज्ञात चोर नई बैटरी चोरी कर ले गए।

ताज्जुब की बात यह है कि यह वारदात सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और पुलिस चौकी की मौजूदगी के बावजूद अंजाम दी गई, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेवानिवृत्त शिक्षक नसीम कुरैशी ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके छोटे भाई एडवोकेट अजीम कुरैशी की मारुति वैन क्रमांक एमपी 08-1827 शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हेड पोस्ट ऑफिस के सामने और एटीएम के पास खड़ी थी।

मध्यरात्रि में अज्ञात बदमाशों ने वैन के दरवाजे का लॉक खोला और उसमें लगी नई एक्साइड कंपनी की बैटरी पार कर दी। पीड़ित ने बताया कि यह क्षेत्र संवेदनशीलता की श्रेणी में आता है और यहां पुलिस द्वारा संचालित सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं, इसके बावजूद चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने मुख्य मार्ग पर वारदात को अंजाम दिया।पीड़ित परिवार ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को भी प्रतिलिपि भेजकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि हेड पोस्ट ऑफिस और मदीना मस्जिद के आसपास असामाजिक तत्वों का अकारण जमावड़ा लगा रहता है। पुलिस चौकी पास होने के बावजूद पुलिस इन असामाजिक तत्वों को खदेडऩे की जगह खुद उनके साथ चाय की चुस्कियां लेते हैं। जिसके चलते रहवासियों में भी खौफ रहता है। वहीं भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि तकनीकी संसाधनों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों को जल्द पकड़ा जाए और क्षेत्र में दिन-रात पुलिस गश्त बढ़ाई जाए ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## एसडीएम की अध्यक्षता में डीजे संचालकों एवं मैरिज गार्डन संचालकों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

आगामी धार्मिक, सामाजिक आयोजनों के दौरान ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।एसडीएम ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र तथा नागरिकों के स्वास्थ्य व शांति हेतु जिले में डीजे के अनियंत्रित उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के आदेशानुसार रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। डीजे का उपयोग चलित वाहनों, सड़कों, चौराहों, जुलूस एवं शोभायात्राओं में नहीं होगा।डीजे केवल अनुमति प्राप्त मैरिज गार्डन या आवृत परिसर में, निर्धारित समय व डेसीबल सीमा में ही चल सकेंगे। उल्लंघन की स्थिति में डीजे सिस्टम, जनरेटर एवं वाहन जब्ती, कार्यक्रम स्थल सील करने सहित कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संशोधित डीजे वाहनों पर परिवहन व पुलिस विभाग द्वारा अलग से कार्रवाई होगी। पुनरावृत्ति पर अनुमति निरस्त की जा सकेगी।प्रशासन ने आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।





## स्वयंसेवकों द्वारा किया परियोजना कार्य सराहनीयः एसडीएम मालवीय

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा बीनागंज द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर गोदग्राम सागर में आयोजित किया जा रहा है जिसमे छठवें दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम रवि मालवीय विशेष अतिथि डॉ संतोष साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आर पी मीना द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात सरस्वती वंदना शिवानी नामदेव और रूपाली वंशकार द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत ऋषिता राजपूत और सिमरन राजपूत द्वारा गाया गया। एन एस एस गीत छात्रा दीपा माली द्वारा प्रस्तुत किया गया। एन एस एस के नारे छात्र रवि साहू द्वारा लगवाए गए। प्राथमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा कविता प्रस्तुत की। धरा सिकरवार ने गीत एवं प्रसन्नता सिकरवार ने सिविक सेंस विषय पर अपनी प्रस्तुति दी । महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि का मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा गांव में परियोजना कार्य करते समय ग्रामीणों द्वारा जो समस्या छात्रों को बताई गई उनका प्रशासन स्तर पर निराकरण करने के लिए कहा साथ ही सभी छात्रों से वन टू वन चर्चा की । इस कार्यक्रम में एन एस एस सह प्रभारी डॉ मंजू शर्मा डॉ रीतू राजपूत डॉ धर्मवीर जाटव डॉ हरीश शर्मा धर्मेंद्र अहिरवार प्रकाश चंद्र शर्मा शरामनारायण साहू एवं एन एस एस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




# एंजेल पैराडाइज पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

एंजेल पैराडाइज पब्लिक स्कूल, बीनागंज में वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, खेल भावना और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रवि मालवीय (एसडीएम, चाचौड़ा) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नीरज शुक्ला (बीईओ, चाचौड़ा) एवं कुलदीप सिंह जादौन (नायब तहसीलदार) उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि को मार्च पास्ट द्वारा सलामी देकर की गई, जिसके पश्चात खेल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट और खेल गतिविधियों ने सभी अतिथियों व दर्शकों का मन मोह लिया।इस अवसर पर सभी अतिथियों का सम्मान पौधे भेंट कर किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली एवं ईको-फ्रेंडली संदेश को समाज तक पहुँचाने का सार्थक प्रयास किया गया। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक संध्या माहेश्वरी, संचालक अमृत महेश्वरी, रूपेश महेश्वरी, सचिव प्रतिभा महेश्वरी, प्राचार्य अनीता मुलिक, उप-प्राचार्यी गुंजन सलूजा , प्रबंधक वीरेंद्र यादव, खेल प्रशिक्षक, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावकगण, वरिष्ठ पत्रकार तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ गरिमामय वातावरण में हुआ।

# मेरा युवा भारत अशोकनगर द्वारा विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**मुंगावली।** नगर के टीएव्ही हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मां कान्वेंट स्कूल में मेरा युवा भारत के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वॉलीबॉलए खो खोए दौड़ए गोला फेंकए वूशुए खेल की प्रतियोगिता आयोजित की गई स जिसमें मुंगावली नगर के प्रतिभान छात्र.छात्राओं ने सहभागिता की बता दें कि इस प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम एवं खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अपना खेल दिखाने का मौका मिलेगा।

वहीं खेलों की बात की जाए तो वॉलीबॉल बालिका वर्ग में प्रथम स्थान टीएव्ही स्कूल ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान श्री कृष्णा हायर सेकेंडरी स्कूल की बालिकाओं ने प्राप्त किया वहीं बालक वर्ग में प्रथम स्थान टी ए व्ही स्कूल ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान मां कान्वेंट स्कूल की टीम ने प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग खो खो में प्रथम स्थान केंद्रीय विद्यालय की टीम ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान श्री कृष्णा हायर सेकेंडरी स्कूल की बालिकाओं ने प्राप्त किया वही 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान आर्यन बागड़ी टी ए व्ही स्कूल ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान द आकाश उठवालिय सनदापनी विद्यालय पिपरई ने प्राप्त किया। वही तृतीय स्थान नैतिक गौतम टी ए व्ही स्कूल ने प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में वंशिका मीना केंद्रीय विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान तन्वी यादव केंद्रीय विद्यालय ने प्राप्त किया तृतीय स्थान जश्नप्रीत कौर कृष्णा स्कूल ने प्राप्त किया वही गोला फेक में प्रथम स्थान चरण सिंह मां कान्वेंट स्कूल ने प्राप्त किया गुरवंत सिंह द्वितीय स्थान हरमन सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही वूशु खेल में टी ए व्ही स्कूलए मां कान्वेंट स्कूलए विद्या कान्वेंट स्कूलए के छात्र.छात्राओं ने गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीते वही इस प्रतियोगिता में टी ए व्ही स्कूल मां कान्वेंट स्कूलए केंद्रीय विद्यालयए विद्या कान्वेंट बहादुरपुरए श्री कृष्णा स्कूलए के छात्र छात्राओं ने भारी संख्या में सहभागिता की इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष शिक्षक संतोष शर्मा शिक्षिका नविता जैनए ब्लॉक खेल अधिकारी मनोज राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। वही इस प्रतियोगिता को कराने में विशेष रूप से पूर्व एन बाय भी पवन पाल मुंगावली का सहयोग रहा। वही इस कार्यक्रम को करने में निर्णायक की भूमिका के रूप में शिक्षक अंसार खान जमीदार खेल प्रशिक्षक जावेद खानए पीटीआई विनोद पालए मुबारक खानए बृजेंद्र अहिरवारए मोहम्मद आरिफए फरहान खानए आदि खेल शिक्षक एवं भारी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## मकान की नींव खोदते समय निकले कई सांप



**अशोकनगर।** मातामढ़ मोहल्ला में मकान की नींव खोदते समय कई सांप के बच्चे निकलने से मोहल्ले में दहशत फैल गई। एक सर्प के बच्चे को पकड़ लिया बाद में जब इस सर्प का फोटो विधायक हरीबाबू राय को भेजा गया तब विधायक द्वारा वन विभाग को फोटो भेजकर सूचना दी। तब विधायक ने बताया कि वन विभाग की ओर से वन रक्षक अंशुल पटेल और गौरब मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बाल स्नैक प्रजाति का सर्प हैए यह जहरीला नहीं होताए शुरू में सांप के कीमती होने की जानकारी सामने आई थी बाद में वन विभाग का अमला इसे अपने साथ ले गया।


## तेज आवाज पर डीजे साउंड बजाने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत जलसा गार्डन के पास तेज आवाज में बिना अनुमति के साउंड बजाया जा रहा था जिसके बाद पुलिस ने रात 11:30 बजे तेज आवाज में साउंड बजते पाए जाने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है।

## योग से ही हमारा शरीर और मन स्वस्थ्य रहता है, योग हमारी निरोगी काया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है



**अशोकनगर।** अशोकनगर पंजाबी महिला विकास समिति ने सेवा सप्ताह के चलते अपने पांचवा प्रोजेक्ट योग सीखो किया। जिसमे समिति द्वारा छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं के लिए विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाबी महिला विकास समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा और तुलसी सरोवर पार्क में योग सिखा रही श्वेता सलूजा ने बालिकाओं को योग सिखाया जिसमें उन्होंने प्राणायाम ध्यान एवं विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के साथ हुई। इसके बाद गायत्री अरोरा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थए मन शांत और एकाग्रता में वृद्धि होती है। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं को तनावमुक्त रहनेए आत्मविश्वास बढ़ाने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा दी। छात्रावास की बालिकाओं ने भी बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ योग अभ्यास में भाग लिया। अंत में समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों को निरंतर योग करने का संकल्प दिलाया गया। इस आयोजन से छात्रावास का वातावरण सकारात्मक और ऊर्जावान बन गया। समिति द्वारा भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया गया।



## बाइक में पेट्रोल डालते समय युवक जला

**अशोकनगर।** स्थानीय बाल्मीक मोहल्ला में एक युवक बोतल में पेट्रोल पंप से लेकर आया था और बाद में अपनी बाईक में जब वह बोतल से पेट्रोल डाल रहा थाए उसी दौरान वह पेट्रोल भरते समय बीड़ी भी पी रहा थाए जिससे पेट्रोल ने आग पकड़ ली जिसके बाद सुरेन्द्र पुत्र अशोक बाल्मीक उम्र 35 वर्ष को जिला अस्पताल अशोकनगर में झुलसने के बाद उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जहां बर्न वार्ड में उसका उपचार जारी है।

### विज्ञान प्रदर्शनी में लोगों ने की बच्चों के प्रयासों की सराहना

# स्कूली बच्चों ने विज्ञान की तकनीक से भरपूर कई मॉडल बनाए


हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधानमंत्री के ष्नवभारत तकनीकी अभियानष् से प्रेरित होकर अशोकनगर में संस्कार स्कूल का एआई एवं रोबोटिक्स महोत्सव गुना रोड स्थित संस्कार एकेडमी स्कूल में आज रोबोटिक फेस्ट एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत नवीन एवं आकर्षक प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कुल 45 नवीन विज्ञान प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गएए जिन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण नवीन रोबोटिक इनोवेशन रहाए जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्कृष्ट एवं कार्यशील मॉडल तैयार किए। विशेष रूप से टेस्ला कार कैसे कार्य करती है इस विषय पर बनाया गया प्रोजेक्ट काफी सराहनीय रहा। इसके अतिरिक्त रिमोट कैसे काम करता हैए ऑटोमेटिक लिफ्ट की कार्यप्रणालीए सहित अनेक वैज्ञानिक विषयों पर विद्यार्थियों ने प्रभावशाली मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यालय जिले का एकमात्र ऐसा संस्थान हैए जहाँ विद्यार्थियों को एआई ;आर्टीफिशयल इंटलीजेंसद्ध और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैंए जिससे छात्र.छात्राएँ भविष्य की तकनीक से जुड़ रहे हैं। इसी आयोजन के साथ विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गयाए जिसमें विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। इस सामाजिक पहल ने कार्यक्रम को और अधिक सार्थक एवं प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आलोक तिवारी ;जिला अध्यक्षए अशोकनगरद्ध मलकीत सिंह ;पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षद्ध उपस्थित रहे। साथ ही शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि आलोक तिवारी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार की भावना विकसित करते हैं। विद्यालय के चेयरमैन राजेश पाराशर उपान्द्रे पाराशरए राज पाराशर ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर राजदीप सिंह ने सभी विद्यार्थियोंए अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में और भी बड़े स्तर पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम अत्यंत सफलए प्रेरणादायक एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ा रहा।





## जिला भाजपा की पत्रकार वार्ता में बजट 2026-27 की उपलब्धियां गिनाईं

# प्रदेश के बजट पर बोले मंत्री पंवार सर्ववर्गीय कल्याण के लिए बजट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

मध्यप्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2026-27 का बजट विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प और सर्ववर्गीय कल्याण की भावना के साथ प्रस्तुत किया है। यह बात राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने जिला भाजपा द्वारा स्थानीय शिवानी रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि यह बजट ज्ञानी थीम पर आधारित है। जी -गरीब कल्याणवाय युवा शक्ति, ए -अन्नदाता, एन नारी शक्ति, आई इन्फ्रास्ट्रक्चर और आई इंडस्ट्री को समर्पित है। बजट में मध्य प्रदेश स्पेसटेक नीति 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रस्ताव रखा गया है, जिससे प्रदेश अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा। सिंहस्थ महापर्व के लिए 3,600 करोड़ रुपये का प्रावधान करते हुए पहली बार आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना का बजट आकलन किया गया है। प्रदेश की जीएसडीपी में 12 प्रतिशत वृद्धि को भी उन्होंने उत्साहजनक बताया।

### प्रत्येक विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य

पवार ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए 4.38 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के 4.21 लाख करोड़ रुपये से लगभग 4 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लिया जाने वाला कर्ज निर्धारित मापदंडों के अनुसार पूंजीगत विकास के लिए होता है। प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत 80 स्थान चिन्हित किए गए हैं।

### किसानों को सोलर सिंचाई पंप और विद्युत सुविधा

कृषि क्षेत्र के लिए विद्युत मंडल द्वारा 5 एचपी तक के कृषि पंपों तथा एक घरेलू कनेक्शन को निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने हेतु 5,276 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत 335 करोड़, समर्थन मूल्य पर बोनस भुगतान हेतु 150 करोड़ तथा सहकारी बैंकों के माध्यम से आपातकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के तहत 3,000 करोड़ रुपये की लागत से सोलर सिंचाई पंप उपलब्ध कराए जाएंगे।

### लाड़ली बहनों और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष फोकस

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ वर्ग के लिए 1,691 करोड़ रुपये तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए 2,857 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के लिए 1,801 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के अंतर्गत 23,883 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### जिले में भी विकास कार्यों को गति

मंत्री श्री पवार ने बताया कि ब्यावरा, सुठालिया, सारंगपुर और राजगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष एवं लैब निर्माण के लिए बजट प्रावधान किया गया है। ब्यावरा में प्रमुख मार्गों का निर्माण, नरसिंहगढ़-बैरसिया के बीच पार्वती नदी पर नवीन पुल, राजगढ़ में वीआईपी बायपास तथा सारंगपुर और खिलचीपुर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री पवार ने कहा कि जिले के लोगों को किडनी संबंधित रोगों के मरीजों को जिले के बाहर भटकना पड़ रहा था। लेकिन हमारे लगातार प्रयासों से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए भाजपा सरकार ने नए अवसर खोले हैं जिसमें ब्यावर में ट्रामा सेंटर और डायलिसिस जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी, वही सारंगपुर और राजगढ़ में भी डायलिसिस सुविधा मरीजों को आसानी से उपलब्ध होगी।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

पवार ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश विकास के मामले में पिछड़ गया था। उन्होंने दावा किया कि पहले प्रदेश में सिंचाई का रकबा मात्र 7 लाख हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 56 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार पहले प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि वर्तमान में उनकी संख्या बढ़कर 30 हो गई है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## 290 हितग्राहियों को पीएम आवास राशि वितरण

# 3 करोड़ 71 लाख रुपए से अधिक के निर्माण कार्यों का मंत्री पंवार और सांसद ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

नगर में आज विकास को नई गति देते हुए मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं सांसद रोडमल नागर ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक अंतर्गत 290 पात्र हितग्राहियों को भवन निर्माण हेतु हितलाभ राशि का वितरण किया। साथ ही नगर के चहुँमुखी विकास के लिए 3 करोड़ 71 लाख रुपए से अधिक राशि की लागत से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन भी संपन्न हुआ।

### संतुलित और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध सरकार

मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि नगर की जनसंख्या निरंतर बढ़ रही है और उसी अनुरूप आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी विधानसभा के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक नागरिक का विकास करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि शहर और विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का व्यापक निर्माण एवं उन्नयन कार्य जारी है। ब्यावरा शहर की सबसे बड़ी आवश्यकता शुद्ध पेयजल को ध्यान में रखते हुए मोहनपुरा परियोजना के अंतर्गत लगभग 33 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली पेयजल योजना आगामी दो वर्षों में पूर्ण होकर शहर को अगले 50 वर्षों तक पेयजल उपलब्ध कराएगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि ब्यावरा शासकीय चिकित्सालय में नया ट्रॉमा सेंटर शीघ्र ही संचालित होगा। शिक्षा के क्षेत्र में



भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जहां ग्रामीण अंचल से अध्ययन हेतु आने वाली बालिकाओं के लिए 100 बेड का कन्या छात्रावास उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए नवीन सीएम राइज स्कूल, एसडीएम कार्यालय, सुठालिया रोड का उन्नयन, राजगढ़ बायपास से पीपल चैराहा तक नवीन सड़क निर्माण, जनपद भवन एवं पार्वती पुल सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का जिक्र किया।

## मां के इकलौते नौजवान बेटे का सुनसान जगह पर पड़ा मिला शव

**छापीहेड़ा।** नगर में मृत शव की सूचना मिलते पहुंची स्थानीय पुलिस मौके पर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए शव को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लोगों का कहना जहरीली शराब पीने से मौत परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि किस कारण हुई वैसे तो लगातार पुलिस प्रशासन जहरीली शराब बेचने वाले बनाने वाले लोगो पर कठोर से कठोर कार्यवाही तथा लगाम कसने के कार्य निरंतर कर रही है । इसका सेवन करने के लिए तड़पता रहता है जब तक जहरीली कच्ची शराब का घूंट उसको नहीं मिलता तब तक ना नींद आती ना सुकून मिलता है परंतु पीने वाले को यह पता नहीं कि यह जहरीली कच्ची शराब पीने से शरीर के सभी अंगों को दीमक की तरह खोखला कर चाट जाती है हर इंसान में मन बुद्धि होती है पर वह अपनी बुद्धि इस और क्यों नहीं चला पता की जहरीले नशीले पदार्थों का सेवन करने से स्वास्थ्य खराब होता है तथा किडनी लीवर फेफडो को खत्म करता है।

## खुले चेंबरों से बनी दुर्घटनाओं की आशंका

# कलेक्ट्रेट में कई जगह खुले पड़े नालियों और वाल्वों के चेंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

स्थानीय कलेक्टोरेट परिसर में खुले पड़े नालियों के चेंबरों से इन दिनों दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। इन खुले हुए चेंबरों में कभी भी कोई बाईक सवार या पैदल राहगीर गिरकर हादसे का षिकार हो सकता है। इसके साथ ही चार पहिया वाहनों के पहिए भी इनमें जाने से वाहन क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। कलेक्टोरेट परिसर में यह हाल सिर्फ एक ही स्थान पर नहीं है बल्कि एसबीआई की फूलखेड़ी ब्रांच के ठीक सामने, एवं पेंशन कार्यालय के पीछे के हिस्से, जिला निवार्चन कार्यालय के



सम्मुखये चेंबर खुले पड़े हुए हैं। कलेक्टोरेट परिसर का मेंटनेंस देखने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों का ध्यान अभी तक इस लापरवाही की तरफ नहीं गया है। अगर इन खुले पड़े चेंबरों को जालियों या अन्य किसी माध्यम से कवर्ड करवा दिया तो संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

### पैदल राहगीरों के गिरने की ज्यादा आषंका

इन खुले चेंबरों में बाईक सवारों, कारों से ज्यादा पैदल राहगीरों के गिरने की ज्यादा संभावना बनी हुई है। दिन के समय तो ये खुले चेंबर नजर आ जाते हैं लेकिन रात्रि के समय नजर नहीं आने पर कोई भी इनमें गिरकर घायल हो सकता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट की विभिन्न शाखाओं सहित एसबीआई ब्रांच में कभी-कभी देर शाम या रात्रि तक कर्मचारी कार्य करते रहते हैं। खुले चेंबर नजर न आने से वे इनमें गिरकर चोटिल हो सकते हैं।

## इंदौर पब्लिक स्कूल में किया परीक्षार्थियों का स्वागत



**ब्यावरा।** परीक्षा के पहले दिन , सभी विद्यार्थियों का फूल और तिलक लगाकर किया स्वागत' कक्षा 5वीं , 8वीं के लिए बोर्ड परीक्षा केंद्र स्कूल इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा में 20 फरवरी को परीक्षा के पहले दिन सभी विद्यार्थियों का फूल और तिलक लगाकर स्वागत किया गया, और स्कूल प्रबंधक की और से सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# मां शबरी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

जयस आदिवासी संगठन और समस्त भिलाला समाज लसूड़ल्या रामनाथ कुरावर के तत्वावधान में मां शबरी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम माँ शबरी और भगवान श्रीराम लक्ष्मण की झाँकी सजाई गई और डीजे ढोल के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मुख्यमंत्री हाट बाजार तलेन रोड़ से 12 बजे प्रारंभ हुई, जिसमें आदिवासी जनजाति भिलाला समाज के महिला और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

शोभायात्रा में हाथ में तीर कमान थामें अखाडे खेलते युव पुरूष चल रहे थे, वहीं महिलाए पारम्परिक लोकगीतों पर थिरकते चल रही थी। मुख्य बाजार में सामाजिक संगठन के युवाओ ने शोभायात्रा का स्वागत करते हुए माँ शबरी और राम लक्ष्मण की पूजा की। व्यापारी बंधुओं ने साफा पहनाकर फूल माला के साथ स्वागत किया। शोभायात्रा करीब 4 बजे लसूड़ल्या रामनाथ स्थित दुर्गा



मंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष कैलाश भिलाला, अनिल भिलाला, सुनील भिलाला, दशरथ भिलाला, गुलाब सिंह भिलाला, करण सिंह भिलाला, मांगीलाल भिलाला, दिनेश भिलाला, भोलाराम भिलाला, द्वारका प्रसाद भिलाला, प्रदीप भिलाला आदि ने सामाजिक कुरीति को मिटाने, शिक्षा में अग्रणी रहने और समाज सुधार पर अपनी अपनी बात रखी। इस मौके पर कार्यक्रम के अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तारू राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि लखन चैहान, पार्षद दिलिप सिंह बना, पार्षद राजकुमार चैकसे मौजूद रहे।

# खुशियों के ओटले पर 90 जरूरतमंदों को वितरित की चप्पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जनसहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों का ओटले में रविवार को सेवा का एक और प्रेरणादायी कार्य किया गया। संस्था द्वारा 90 जरूरतमंद महिलाओ एवं बच्चियों को नई चप्पलें एवं सैंडल वितरित किए गए। संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर स्थित एमडी इंडस्ट्रीज द्वारा संस्था को 200 जोड़ी नई चप्पलें सेवा कार्य हेतु भेजी गई हैं। इन्हें गरीब एवं जरूरतमंद लोगों में चरणबद्ध तरीके से वितरित किया जा रहा है।

रविवार को इनमें से 90 जोड़ी चप्पलों का वितरण किया गया, शेष चप्पलें भी शीघ्र ही जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएंगी। चप्पल प्राप्त कर महिलाओं और बच्चियों के चेहरों पर विशेष खुशी देखने को मिली। 'बेटी राजकुमारी ने बताया कि




उसे काफी समय से चप्पलों की आवश्यकता थी और आज जब उसे नए सैंडल मिले तो वह बहुत खुश हुई। डॉ. सिंह ने बताया कि संस्था निरंतर इस प्रकार के सेवा कार्य करती रहती है और समाज के सहयोग से जरूरतमंदों की सहायता जैसे रोजाना संस्था द्वारा खुशियों की रोटी के माध्यम से 100 लोगो को भोजन बाटने का कार्य ब्यावरा पोस्ट ऑफिस के सामने चलाया जा रहा है।

## श्री श्याम परिवार राजगढ़ एवं समस्त भक्तों द्वारा किया गया आयोजन

# श्याम बाबा को करवाया नगर भ्रमण, उमड़े अनेकों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

स्थानीय अस्पताल रोड स्थित राजयोग महादेव मंदिर परिसर में ही खाटूश्याम बाबा के मंदिर का निर्माण होना वाला है। इसी क्रम में बाबा श्याम के भक्तों द्वारा रविवार को नगर में पैदल निशान यात्रा का आयोजन करते हुए बाबा श्याम को नगर भ्रमण करवाया गया। फाग उत्सव के रूप में निकली शोभायात्रा स्थानीय काशीपुरा क्षेत्र स्थित संतोष माता मंदिर से आरंभ होकर मेन मार्केट, झांसी की रानी चैराहा, नाका नंबर-3 होते हुए राजयोग महादेव मंदिर परिसर



पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में शामिल श्याम भक्त भगवान की भक्ति में लीन होकर नाचते, गाते, भजनों पर थिरकते हुए साथ चल रहे थे। इस बीच स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों एवं प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा कहीं पुष्पवर्षा, कहीं शीतल पेय इत्यादि से शोभायात्रा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया।

## एसआईटी गठन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग



**विदिशा।** बुजुर्ग महिला से हुई करीब 5 लाख रुपए की ठगी के मामले में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज और शहर के नागरिकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शनिवार को समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा और त्वरित कार्रवाई की मांग की। यह घटना खरीफाटक रोड स्थित जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रहीं विमला बाई जैन के साथ हुई थी। कुछ दिन पहले अज्ञात बदमाशों ने उन्हें बातों में उलझाकर उनके जेवरात ठग लिए थे। इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया था। ज्ञापन में बताया गया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल सका है और न ही ठगा गया माल बरामद हुआ है। समाज ने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पीड़िता मानसिक और आर्थिक रूप से टूट गई हैं और आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। समाज ने अपने ज्ञापन में लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व न्यू अरिहंत विहार कॉलोनी में हुई चोरी का मामला भी उठाया। पदाधिकारियों ने बताया कि 12 अक्टूबर 2024 को वैभव जैन के यहां लाखों रुपए की चोरी हुई थी, जिसमें करीब 16 महीने बीत जाने के बाद भी कोई ठोस खुलासा नहीं हो सका है।

## परीक्षा में अब तक एक भी नकल प्रकरण नहीं बना

# कक्षा 12वीं की परीक्षा में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जिले में आयोजित कृषि, होम साइंस (कला समूह) एवं एकाउंटेंसी विषय की परीक्षा हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा में कुल 1781 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1760 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कृषि विषय में पंजीकृत 1 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहा और कोई भी अनुपस्थित नहीं रहा। होम साइंस



(कला समूह) विषय में कोई भी परीक्षार्थी पंजीकृत नहीं था। वहीं एकाउंटेंसी विषय में पंजीकृत 1780 परीक्षार्थियों में से 1759 उपस्थित रहे और 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# गाय को बचाने के चक्कर में ट्राला पलटा 13 वर्षीय बालक की मौत, बहन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶लटेरी

लटेरी के मुरवास क्षेत्र में सुबह करीब 8:30 बजे एक सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस घटना में उसकी बहन घायल हो गई। गुजरात से बीना की ओर जा रहा पाइप से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे गिरे पाइप की चपेट में आने से बालक की जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में बड़ी मात्रा में पाइप लदे हुए थे।

बताया जा रहा है कि अचानक संतुलन बिगड़ने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट गया। हादसा इतना भयानक था कि आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मुरवास थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबर ने बताया कि यह हादसा मुरवास के पास हुआ। ट्राला जब वहां पहुंचा, तभी अचानक सड़क पर एक गाय आ गई। ड्राइवर ने गाय को बचाने के लिए वाहन को मोड़ा, जिससे ट्राला असंतुलित हो गया। ट्राली में बंधे लोहे के पाइप झटके से पट्टे टूटने के कारण सड़क पर गिर गए और ट्राला एक



ओर पलट गया। घटना के समय 13 वर्षीय आयन पिता कदिर खान अपनी बहन साहिबा के साथ पैदल जा रहा था। गिरे हुए पाइप की चपेट में आने से आयन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत लटेरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी बहन साहिबा को भी चोटें आईं, जिसका उपचार कराया गया है। पुलिस ने ट्राला चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है। बताया गया है कि मृतक आयन के पिता कदिर खान के चार बच्चे हैं।